**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, गया का कार्यालय**
**कटारी हील रोड, गया– 823001.**

पत्रांक 1326 ।                                                                 गया, दिनांक 21/12/21

सेवा में,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा.)
–सह– नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण)
बिहार, पटना।

विषय : जल जीवन हरियाली अभियान के अधीन गंगा जल उद्वह योजना, प्रथम चरण के अधीन गया एवं बोधगया शहरों के लिए जल वितरण के कार्यान्वयन के क्रम में पाइपलाईन बिछाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि जल जीवन हरियाली अभियान के अधीन गंगा जल उद्वह योजना, प्रथम चरण के अधीन जल शोधन संयंत्र, अबगीला, मानपुर, गया से गया एवं बोधगया शहरों में पी०एच०ई०डी० एवं बुडको, बिहार के द्वारा निर्मित संरचनाओं को जोड़ने का अतिरिक्त कार्य के लिए पाइपलाईन बिछाने का कार्य किया जाना है। जिसके क्रम में वन विभाग से Notified Road के किनारे पाइपलाईन बिछाया जाना है। इसके लिए वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त किया जाना है।

चूँकि यह कार्य तिलैया नहर प्रमण्डल, वजीरगंज के द्वारा किया जाना है, जिसके कार्यालय प्रधान कार्यपालक अभियंता है। अतः वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता, तिलैया नहर प्रमण्डल, वजीरगंज को User Agency के तहत प्राधिकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन,
Narayan 21/12/21

मुख्य अभियंता
सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, गया।